# 34. जिला स्तरीय प्रशासन

❑ जिला दण्डनायक के रूप में जिला कलेक्टर की शक्तियाँ हैं- [RAS-28.08.2016]

(1) कानून व व्यवस्था बनाए रखना।
(2) पुलिस पर नियंत्रण रखना।
(3) विदेशियों के पारपत्रों की जाँच करना।
(4) भू-राजस्व एकत्र करना।

(1) 1, 2, 4 (2) 2, 3, 4
(3) 1, 3, 4 (4) 1, 2, 3.

**Ans.** (4)

*व्याख्या - जिला कलेक्टर के कार्य एवं भूमिका-*

• ***राज्य सरकार के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में*** -सरकार की आँख, कान तथा बाँहों की भाँति जिले में जिलाधीश कार्य करता है तथा वह जिला प्रशासन की धुरी होता है।

• **दण्डनायक (मजिस्ट्रेट) के रूप में** -जिले में शांति, सुरक्षा, एकता, सद्भाव तथा व्यवस्था बनाए रखना। विदेशियों के पारपत्र की जाँच करना। जाति, निवास तथा अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र जारी करना। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला पुलिस तंत्र पर नियंत्रण रखना। जिला कारागृह का निरीक्षण तथा विचाराधीन कैदी कल्याण के कार्य करवाना। पुलिस थानों, रोजनामचों तथा डायरियों का निरीक्षण करना। कोषागार एवं उपकोषागार का पर्यवेक्षण। विशेष परिस्थितियों में रात को पोस्टमार्टम कराने की अनुमति देना (पोस्टमार्टम दिन में ही किया जाता है)।

• ***विकास अधिकारी के रूप में*** - सभी विकास कार्यक्रमों एवं कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिलाधीश की होती है।

• ***भू-राजस्व अधिकारी के रूप में*** - भू-राजस्व एकत्रित करना कलक्टर का मुख्य कार्य है। कलक्टर का अन्य दायित्व भूमि-सुधार, भूमि-प्रबन्ध तथा भूमि-अधिग्रहण से सम्बन्धित है।

• ***अन्य कार्य*** - प्राकृतिक आपदाओं का निवारण करने का मूलभूत उत्तरदायित्व कलक्टर अथवा जिलाधीश पर है। जिले की जनगणना करवाना। जिले में संसद, विधानसभा एवं स्थानीय निकायों के निर्वाचनों का सुचारू रूप से संचालन करना जिलाधीश का मुख्य उत्तरदायित्व माना जाता है।

❑ निम्न में से कौन-से कार्य दण्डनायक के रूप में कलेक्टर में निहित है? [उद्योग प्रसार अधिकारी-22.08.2018]

1. पुलिस पर नियंत्रण रखना।
2. जिले के कोषालयों का निरीक्षण करना।
3. विदेशियों के पारपत्रों की जाँच करना।
4. भू-राजस्व एकत्र करना।

(1) 1, 2 व 3 (2) 1 व 2
(3) 1 व 3 (4) 1, 2, 3 व 4

**Ans.** (3)* *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौनसा कार्य कलेक्टर का नहीं है?**
[जेल प्रहरी परीक्षा 29-10-2018, Shift -I]
[ग्राम सेवक परीक्षा, 18.12.2016]

(1) भू-राजस्व का एकत्रीकरण
(2) कानून व्यवस्था का रखरखाव
(3) आय कर का एकत्रीकरण
(4) भू-दस्तावेजों का रखरखाव

**Ans.** (3) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **किसे जिले में प्रमुख जनगणना अधिकारी माना जाता है-** [प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]

(1) सम्भागीय आयुक्त (2) जिला कलक्टर
(3) अतिरिक्त जिला कलक्टर (4) उपखण्ड अधिकारी

**Ans.** (2) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौन-सा कार्य राजस्थान में जिला कलेक्टर से सम्बन्धित नहीं है?**
[कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]

(1) स्थानीय स्वशासन के निकायों के चुनावों की अधिसूचना जारी करना।
(2) जिले में कानून-व्यवस्था बनाये रखना।
(3) जिले की विकास परियोजनाओं की निगरानी करना।
(4) जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार में समन्वय करना।

**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **जिला महिला सहायता समिति की अध्यक्षता करता है।** [कॉलेज व्याख्याता (सारंगी) परीक्षा 30.05.2019]

(1) जिला कलेक्टर (2) जिला प्रमुख
(3) जिला एवं सत्र न्यायाधीश (4) जिला पुलिस अधीक्षक

**Ans.** (1)

❑ **जिला कलेक्टर किस सेवा का सदस्य होता है?**
[वनरक्षक-13.12.2022(S-II)]

(1) भारतीय राजस्व सेवा (2) राज्य सिविल सेवा
(3) भारतीय प्रशासनिक सेवा (4) भारतीय पुलिस सेवा

**Ans.** (3)

Scanned with OKEN Scanner

**व्याख्या** -वर्तमान में जिला कलक्टर के पद पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को नियुक्त किया जाता है जिसे न्यूनतम 5-7 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव प्राप्त हो चुका हो। राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को पहली बार जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थापना वर्ष 2009 में की गई थी। वारेन हेस्टिंग्स ने 1772 में बंगाल में कलेक्टर का पद सृजित किया (प्रथम कलेक्टर-राल्फ शैल्डन)।

❑ राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को पहली बार जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थापना निम्नांकित में से किस वर्ष में की गई थी- [R.A.S.- 27.10.2021]
(1) 2021 (2) 2013 (3) 2009 (4) 2018
**Ans.** (3) **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ भारत में जिला प्रशासन में कलेक्टर का पद किस वर्ष में बनाया गया था-[पुलिस कॉन्स्टेबल-14.6.2024 (II)]
(1) 1852 (2) 1764 (3) 1872 (4) 1772
**Ans.** (4) **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ **निम्न में से किसने जिलाधीश को 'संस्थागत करिश्मा' कहा था?** [RAS Pre Exam-26.10.2013]
(1) रजनी कोठारी (2) पी.आर. दुभाषी
(3) टी. एन. चतुर्वेदी (4) जे. डी. शुक्ला
**Ans.** (1)

**व्याख्या :** जिलाधीश के व्यापक और विशद कार्यों को देखते हुए रजनी कोठारी ने उसे 'संस्थागत करिश्मा' की उपमा दी। जिलाधीश के कार्यभार की अधिकता एवं अतिव्यस्तता के कारण रेम्जे मेक्डोनॉल्ड ने 'जिलाधीश की तुलना एक कछुए से की है जिसकी पीठ पर भारत सरकार का हाथी खड़ा है।'' के.के. दास ने कहा कि ''कहीं दूसरी जगह जिलाधीश के समान न तो कोई अधिकारी हुआ है और न ही होगा।'' जब साइमन कमीशन (भारतीय स्टेटयूटरी कमीशन) भारत आया तो उसने जून, 1930 के अपने प्रतिवेदन में अन्य बातों के साथ जिलाधीश की भूमिका के लिए कहा कि ''जिलाधीश को एक अधिवक्ता, एक लेखाविद्, एक सर्वेक्षणकर्ता तथा राजपत्रों का तैयार लेखक होना चाहिए।'' मई, 2005 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि ''जिलाधीश प्रशासन की धुरी है।''

❑ **कौनसा एक कथन सत्य नहीं है?**[CET : 8.1.2023 (I)]
(1) सन् 1772 में, वॉरेन हेस्टिंग्स द्वारा जिला कलेक्टर का पद सृजित किया गया।
(2) जिले में, जिला कलेक्टर मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी का कार्य करता है।
(3) भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 में 'जिला न्यायाधीश' शब्द का उल्लेख किया गया है।
(4) रेम्जे मैक्डोनॉल्ड ने कलेक्टर को संस्थागत करिश्मा कहा था।
**Ans.** (4) **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ **गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों का सर्वेक्षण करवाना किसका दायित्व है-** [VDO-28.12.2021 (S-II)]
(1) जिला रसद अधिकारी (2) सांख्यिकी अधिकारी
(3) उपखण्ड अधिकारी(एस.डी.ओ.)
(4) खण्ड विकास अधिकारी (बी.डी.ओ.)
**Ans.** (3)

❑ **राजस्थान में कौनसी जगह, पटवारी ट्रेनिंग स्कूल नहीं है-** [VDO-28.12.2021 (S-I)]
(1) कोटा (2) अलवर (3) टोंक (4) चित्तौड़गढ़
**Ans.** (4)

**व्याख्या** - राजस्थान में पटवारी ट्रेनिंग स्कूल टोंक, देवखेड़ा (अलवर), कोटा, देबारी (उदयपुर), जोधपुर एवं गजसिंहपुर (गंगानगर) में स्थित है।

❑ **जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष कौन होता है।** [VDO-27.12.2021 (S-II)]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-13.06.2024 (II)]
(1) आयुक्त नगर निगम (2) सी.ई.ओ. (जिला परिषद)
(3) जिला कलेक्टर (4) पुलिस अधीक्षक
**Ans.** (3)

**व्याख्या**-आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 जनवरी, 2006 में लागू हुआ। इस अधिनियम के तहत राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पदेन अध्यक्ष-मुख्यमंत्री) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पदेन अध्यक्ष-कलेक्टर) का गठन किया गया।

❑ **किस अधिनियम द्वारा जिला कलेक्टर को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया?** [Protection Officer -28.01.2023]
(1) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2004
(2) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005
(3) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2007
(4) आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2008
**Ans.** (2) **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner